NSW पुलिस बल अपराध निवारण श्रृंखला

अपनी रक्षा करें – वरिष्ठ लोग

वरिष्ठ लोगों की सुरक्षा

हमारे समाज में हर व्यक्ति का यह मौलिक अधिकार है कि वह अपराध व हिंसा से सुरक्षित रहे। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है तो कई कारण होते हैं जो हमारे आत्म-विश्वास व जीवन की गुणवत्ता पर प्रभाव डाल सकते हैं।

जब किसी ख़तरे को पहचान लिया जाता है तो कुछ अतिरिक्त सावधानियाँ बरतें व तैयार रहें। ऐसा करने से जब आप सार्वजनिक स्थानों व घर पर होते हैं तो आपकी सुरक्षित होने की भावना में बहुत सुधार आता है।

नीचे कुछ आसान से सुझाव दिए जा रहे हैं जिन्हें हम सब अपने आप को, अपने परिवार व मित्रों को जुर्म के प्रभावों से सुरक्षित रखने के लिए अपना सकते हैं।

जब आप कहीं बाहर होते हैं तो अपने को सुरक्षित रखें

- जब भी सरकारी यातायात का उपयोग करें, **हमेशा** सावधान रहें। भीड़-भाड़ वाले डब्बों, गार्ड के डब्बे (जिसमें नीला बल्ब होता है) या बस के अगले हिस्से में बैठें।
- यदि हो सके तो कोशिश करें कि **हमेशा** लोगों या मित्रों के साथ बाहर जाएँ।
- बाहर जाते समय, बहुत ज़्यादा नकदी **कभी भी न** ले जाएँ।
- अपने पास अपनी पहचान के लिए कुछ रखें व किसी को **हमेशा** बता कर जाएँ कि आप कहाँ जा रहे हैं व कब आप कब तक वापस आ जाएँगे।

(आप अपने स्थानीय अपराध निवारण अधिकारी से निकटतम रिश्तेदार कार्यक्रम के बारे में पूछें ("Next of Kin"))

घर पर अपने आप को सुरक्षित रखें

- जिस व्यक्ति को आप जानते नहीं या उस पर ऐतबार नहीं करते उसे घर में **कभी भी न** आने दें।
- अपने घर के दरवाज़ों व खिड़कियों को **हमेशा** सुरक्षित रखें।
- मँहगी चीज़ों, मोबाईल उपकरणों या चाबियों (घर या वाहन की) को साफ़ नज़र आने की स्थिति में **कभी भी न** छोड़ें।
- अपने पास-पड़ोस के स्थानों में किसी के संदेहजनक व्यवहार के बारे में **हमेशा** पुलिस को बताएँ।

सुरक्षित घर संबंधी ब्रोशरः http://www.police.nsw.gov.au/__data/assets/pdf_file/0011/357059/292859_0615_G015395_NSW_Police_Brochure_-_Home.pdf

घर के आस-पड़ोस में निगरानी संबंधी जानकारीः http://www.police.nsw.gov.au/community_issues/crime_prevention/neighbourhood_watch_nsw

अपने को धोखा-धड़ी से बचाएँ

- अपनी निजी या पैसे संबंधी जानकारी, जैसे कि ड्राईवर लाईसेंस का विवरण या जन्म की तारीख़ आदि किसी को फ़ोन या ऑनलाईन पर बताते समय **सावधान रहें**।
- किसी काम को करवाने के लिए पैसा देने से पहले किसी भी कॉन्ट्रेक्ट या सेवा करवाने संबंधी कागज़ को **हमेशा** ध्यान से पढ़ें।
- अपने ऑनलाईन उपकरणों को किसी अन्य स्थान से उपयोग करने की अनुमति **कभी भी न** दें।
- जिन लोगों को आप जानते नहीं या जिनपर आपको भरोसा नहीं है, ऐसे लोगों द्वारा भेजी गईं ईमेलों को **कभी न** खोलें।

यदि आप या कोई अन्य व्यक्ति जो आपकी जानकारी में दुर्व्यवहार का शिकार है तो कृपया वरिष्ठ व्यक्ति दुर्व्यवहार सहायता फ़ोनलाईन व संसाधन यूनिट (Elder Abuse Helpline and Resource Unit) को 1800 628 221 पर फ़ोन करें या इस वेबसाईट पर देखें: http://www.elderabusehelpline.com.au/

अपराध से बचाव संबंधी अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.police.nsw.gov.au

NSW Police Force

NSW GOVERNMENT | Justice

Triple Zero (000) आपातकालीन या जान-लेवा स्थितियों के लिए।

Police Assistance Line (131 444) ग़ैर- आपातकालीन स्थितियों के लिए।

Crime Stoppers (1800 333 000) अपराध संबंधी जानकारी देने के लिए। यह जानकारी बिना नाम बताए दी जा सकती है।